**Seventeenth Loksabha**

an>

**Title: Regarding establishment of a Navodaya Vidyalaya and a Kendriya Vidyalaya in Rajnandgaon Parliamentary Constituency.-laid**

**श्री संतोष पान्डेय (राजनंदगाँव):** मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत जिला राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) से पृथक होकर दो नवीन जिलें क्रमश: मोहला-मानपुर-चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई का गठन सितम्बर 2022 में हुआ है. अवगत करना चाहूँगा कि नव गठित जिला मोहला-मानपुर-चौकी के तीनो विकासखंड अनुसूचित विकासखंड हैं जो वनांचल व आदिवासी बाहुल्य है तथा नक्सल प्रभावित संवेदनशील है | आदिवासी बच्चों के स्तरीय शिक्षा के उद्देश्य से जहाँ शीघ्रातिशीघ्र नवोदय विद्यालय व केन्द्रीय विद्यालय की स्वीकृति अपरिहार्य है | उसी प्रकार जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में केंद्रीय विद्यालय संचालित है, किन्तु क्षेत्र के छात्रों हेतु स्तरीय अध्ययन के लिए नवोदय विद्यालय की स्थापना आवश्यक है।

मैं सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट करना चाहूँगा कि अविभाजित राजनांदगांव जिले में एक ही नवोदय विद्यालय संचालित है व जिसमे चयन परीक्षा हेतु लगभग 25000 आवेदन प्राप्त होते थे जिनमें से लगभग 10000 आवेदन उक्त नवगठित जिलो से प्राप्त होते थे किन्तु संयुक्त जिले के अंतर्गत केवल 80 बच्चो का चयन होने के कारण उक्त क्षेत्र से बमुश्किल 10-15 बच्चो का ही चयन हो पाता है।

अत: मेरा आग्रह है कि उक्त दोनों नव गठित जिलों में आगामी शैक्षिणिक सत्र में नवोदय विद्यालय और केन्द्रीय विद्यालय संचालन हेतु शीघ्र विभागीय कार्यवाही आरम्भ हो।